केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 293 शुक्रवार 17 मई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### रैगिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिए समिति का गठन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शासन के निर्देश पर जनपद में उच्च शिक्षण संस्थान में रैगिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला मजिस्ट्रेट अंद्रा वामसी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के आदेशानुसार जिला स्तरीय एंट्री रैगिंग समिति का गठन किया गया है। इसमें एडीएम कमलेश चन्द्र, सदस्य सचिव बनाये गये है। समिति में पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, एपीएनपीजी कालेज के प्राचार्य डा. अभय प्रताप सिंह, प्रेसक्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय, नेशनल एसोसिएशन आफ यूथ के अध्यक्ष भावेश कुमार पाण्डेय, एपीएनपीजी कालेज के अध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजय कुमार दुबे सदस्य नामित किये गये है। उन्होने बताया कि समिति के सदस्य आपस में समन्वय स्थापित कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा रैगिंग के संकट को रोकने व खतम करने के लिए प्रभावी पर्यवेक्षण किया जायेंगा।

### सिपाही पर 5 हजार रूपया मांगने का आरोप

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

विक्रमजोत (बस्ती)। छावनी थाने पर मारपीट की शिकायत करने पहुंची पीड़िता से हल्का सिपाही द्वारा पांच हजार रूपया मांगने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता का आरोप है कि बीते 12अप्रैल को वह थाने पर अपने पड़ोसी की शिकायत करने थाने पहुंची थी।उनके हल्का के मुकेश यादव सिपाही ने रूपये न मिलने पर मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर थाना से वापस कर दिया । थाना क्षेत्र के पेड़रहिया अमोढ़ा खास निवासिनी सीमा चौहान पत्नी मोनू ने मामले में पुलिस अधीक्षक बस्ती को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।कहना है कि उसके माता पिता नहीं हैं वह अपने मायके में ही अपने छोटी बहन व भाई के देखरेख में रहती है । बगल स्थित कन्हैया लाल पुत्र स्व नीबर व उनकी पत्नी सुन्दर पति व उनकी नन्द सीता व उनकी दोनो लड़कियां मिलकर पीड़िता व उसकी बहन बन्दना को बिना किसी बात को लेकर मारपीट दिया। कहना है कि यह लोग ऐसा कई बार कर चुके है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि महिला झूठा आरोप लगा रही है।

### कोवैक्सीन भी सुरक्षित नहीं

वाराणसी (आभा)। एस्ट्राजेनेका– ऑक्सफोर्ड की कोविड–19 वैक्सीन कोविशील्ड के संभावित दुष्प्रभावों की रिपोर्ट के बीच कोवैक्सिन बनाने वाली भारत बायोटेक ने पिछले दिनों एक बयान जारी कर कहा था कि उसके वैक्सीन के सुरक्षा रिकॉर्ड शानदार रहे हैं। कंपनी ने कहा था कि उसकी वैक्सीन से खून के थक्के, प्लेटलेट की कमी जैसे दुष्प्रभाव सामने नहीं आए हैं लेकिन बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि कोवैक्सीन लेने वाले 30 फीसदी लोगों को कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

बीएचयू के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में भारत बायोटेक की कोवैक्सिन टीके के दीर्घकालिक प्रभावों की जांच में यह खुलासा हुआ है कि लगभग एक–तिहाई लोगों पर 'Adverse events of special interest (AESI) प्रभाव देखने को मिला है। स्टडी रिपोर्ट में कहा गया है कि अध्ययन के लिए चुने गए 926 प्रतिभागियों में से लगभग एक–तिहाई लोगों में ऊपरी सांस की नली में वायरल संक्रमण सबसे आम शिकायत है। इसके अलावा लोगों में ब्लड क्लॉटिंग और एलर्जी के भी प्रभाव देखने को मिले हैं।

# बोले मोदी–अमेठी से गए रायबरेली से भी जाएंगे खटा खट खटा खट

प्रतापगढ (आभा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। राहुल गांधी अपनी सभाओं में चुनाव बाद सरकार बनने पर बैंक खाते में खटा खट खटा खट रुपए भेजने का वादा कर रहे हैं। इसी का जवाब पीएम मोदी ने प्रतापगढ़ में दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कोई इनके दिमाग को भी बता दो अब रायबरेली की जनता भी खटा खट खटा खट खटा खट घर भेजेगी। अमेठी से गए



अब रायबरेली से भी जाएंगे। पीएम मोदी ने राहुल गांधी के साथ ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। कहा कि सपा के कारण ही यूपी पीछे चला गया था। अब यहां तेजी से विकास हो रहा है।

राहुल गांधी इस बार अमेठी की जगह मां सोनिया गांधी की सीट रायबरेली से मैदान में उतरे हैं। रायबरेली से सटी प्रतापगढ़ सीट पर भाजपा की जनसभा को संबोधित करने पहुंचे पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए बच्चों का खेल नहीं है। यहां तक कहा कि आपसे नहीं हो पाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि 4 जून के बाद मोदी सरकार तो बनेगी ही और भी बहुत कुछ होने वाला है।

राहुल गांधी के खटा खट खटा खट वाले बयान पर पीएम मोदी ने कई बार तंज कसा। कहा कि चार जून के बाद इंडी गठबंधन टूटकर बिखर जाएगा खटा खट खटा खट। पराजय के बाद बली के बकरे को खोजा जाएगा खटा खट खटा खट। लखनऊ वाले शहजादे (अखिलेश यादव) और दिल्ली वाले शहजादे (राहुल गांधी) गर्मियों की छुट्टियां मनाने देश से निकल जाएंगे खटा खट खटा खट। ये दोनों लोग खटा खट खटा खट भाग जाएंगे। तब हम ही रह जाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले दस साल से सत्ता से बाहर हैं। इनकी काली कमाई खत्म हो गई है। इसलिए इनकी नजर देश की तिजोरी पर है। आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने के आरोपों पर पीएम मोदी ने पलटवार किया। कहा कि कर्नाटक–तेलंगाना में कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण अल्पसंख्यकों को दे दिया है। संविधान बदलकर पूरे देश में यही करना चाहते हैं। सपा वाले इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

## बस्ती में चुनावी रैलियों के रेले 18 से: तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। 25 मई को बस्ती मंडल में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियों के बड़े के नेताओं की नजर अब लोकसभा सीट 61–बस्ती पर टिक गई है। पूरे मंडल में नामांकन की प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। चुनावी मैदान में भाजपा, इंडिया गठबंधन, बसपा और अन्य छोटे दलों से कुल नौ लोकसभा प्रत्याशी चुनावी समर में मुस्तैद हैं।

18 मई को बसपा के वोटरों को सहेजने के लिए मायावती जनसभा करेंगी। 20 मई को 'इंडिया गठबंधन प्रत्याशी रामप्रसाद चौधरी के पक्ष में सपा प्रमुख अखिलेश यादव माहौल बनाएंगे। इसके अलावा 21 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी कार्यक्रम तय हो चुका है। बस्ती लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार सांसद रह चुके हरीश द्विवेदी के पक्ष में प्रधानमंत्री मोदी चुनाव प्रचार को धार देंगे।

बस्ती मंडल में छठवें चरण में लोकसभा सीट के लिए चुनाव होना है। ऐसे में भाजपा पूरा जोर लगा रही है कि इस सीट से दो बार सांसद रहे प्रत्याशी हरीश द्विवेदी हैट्रिक लगाएं। इसके लिए भाजपा बूथ से लेकर मंडल स्तर पर चुनाव की तैयारियों को धार देने में जुटी है। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम 21 मई को तय हो चुका है। कार्यक्रम स्थल के लिए पार्टी की ओर से मंथन चल रहा है।

बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से समन्वय बिठाकर चुनावी रणनीति तैयार करने का निर्देश दिया गया है। लोकसभा सीट बस्ती पर 'इंडिया गठबंधन की तरफ से पांच बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके रामप्रसाद चौधरी के पक्ष में सपा अध्यक्ष अखिलेश चौधरी चुनावी प्रचार को धार देने आ रहे हैं। सपा जिलाध्यक्ष और सदर विधायक महेंद्र यादव ने बताया कि 20 मई को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव का कार्यक्रम तय हुआ है। जीआईसी के मैदान पर जनसभा कराने का प्रयास जारी है।

पार्टी कार्यकर्ता डोर–टू–डोर प्रचार में लगे हैं। जनसभा की तैयारियां चल रही हैं। वहीं बसपा जिलाध्यक्ष जयहिंद गौतम ने बताया कि 18 मई को दिन में 12 बजे बसपा प्रमुख सुश्री मायावती की जनसभा जीआईसी में प्रस्तावित है। इसके लिए सारी तैयारियां की जा रही है। जमीनी स्तर पर तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं को सहेज दिया गया है।

## बस्ती में एफएसटी ने जांच में पकड़े 4.17 लाख रुपये

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। लोकसभा चुनाव में शुचिता के लिए बनाई गई एफएसटी व एसएसटी ने दो अलग–अलग स्थानों से 4.17 लाख बरामद कर उसे जब्त कर लिया है। समाजवादी पार्टी का झंडा लगी गाड़ी से पकड़े गए 67 हजार 500 रुपये भी इसमें शामिल हैं।

वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के देईपार गांव के पास लगे बैरियर के समीप चेकिंग के दौरान एक बाइक की डिकी से 3.50 लाख रुपये बरामद हुए। बाइक सवार बरामद रुपये के संबंध में कोई कागजात नहीं दिखा सके, लिहाजा स्टेटिक सर्विलांस टीम ने रुपये जब्त कर लिए। प्रभारी निरीक्षक वाल्टरगंज दिनेश चन्द्र चौधरी ने बताया कि देईपार बैरियर के पास रुकवाया गया तो बाइक के पीछे बैठा व्यक्ति रामदास निवासी सल्टौआ जनपद बस्ती के पास काले रंग का बैग था। बैग में रखे सामान की चेकिंग के लिए बैग खोलने के लिए कहा गया, तो उसके बैग में कुल तीन लाख पचास हजार रुपये नकद बरामद हुए। रुपयों के संबंध में कागजात न दिखा पाने पर उसे सीज कर ट्रेजरी में जमा करा दिया गया।सोनहा पुलिस ने चेकिंग के दौरान सपा कार्यकर्ता के सपा का झंडा व माइक लगे स्कार्पियो से नकदी बरामद की है। फ्लाइंग स्कवायड टीम व प्रभारी निरीक्षक सोनहा उपेन्द्र कुमार मिश्र बस्ती–डुमरियागंज मार्ग पर क्षेत्र के पचमोहनी में रात 2रू30 बजे सपा का झंडा लगी स्कार्पियो की तलाशी करवाई तो उसमें सवार अविनेश कुमार उर्फ डब्लू चौधरी निवासी ग्राम पटखौली के पास से 67500 रुपये बरामद हुआ। गाड़ी पर सपा का झंडा और माइक लगा था। वाहन पर चुनाव संबधी पास भी चस्पा था। पूछताछ पर अविनेश कुमार ने बताया कि वह ठेकेदारी का कार्य करते हैं। लेकिन मौके पर इन रुपयों के संबंध में कोई कागजात नहीं दिखा सके। टीम ने इसकी सूचना तत्काल एआरओ, एसडीएम भानपुर आशुतोष त्रिपाठी को सूचित किया। उसके बाद 67500 रुपये को कब्जे में लेकर सीज कर ट्रेजरी में जमा करा दिया गया।

## गरीबों ने एसपी से किया आवासीय पट्टे की जमीन पर मकान निर्माण कराये जाने की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। पैकोलिया थाना क्षेत्र के असनहरा निवासी सफी मोहम्मद, गुलाम, जमीर, इब्राहीम, सहदुद्निशा सहित 25 लोगों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अपने आवासीय पट्टे की जमीन पर निर्माण कराये जाने की मांग किया है।

पत्र में सफी मोहम्मद आदि ने कहा है कि वे लोग अपने आवासीय पट्टे की जमीन पर झोपड़ी बनाकर रहते हैं और मकान बनवाना चाहते हैं। इसी बीच एक कथित पत्रकार पहुंचे और कहा कि सभी लोग पांच–पांच हजार रूपया दो तभी निर्माण कार्य होने देंगे नहीं तो चैनल पर चलाकर पट्टा निरस्त करा देंगे। जब गरीबों ने पैसा देने से इंकार किया तो खबर चला दिया कि वे लोग रोहिंग्या मुसलमान हैं जो गलत है। मांग किया कि मामले की जांच कराकर दोषी के विरूद्ध कार्रवाई कराने के साथ ही उनका मकान निर्माण होने दिया जाय।

# डुमरियागंज में बसपा के लिए अपना वोट बैंक बचाना बड़ी चुनौती

**–सुभाष चन्द्र पाण्डेय–**

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बांसी (सिद्धार्थनगर)। लोकसभा चुनाव 2019 में बसपा ने गैर जनपद के मुस्लिम प्रत्याशी आफताब आलम को चुनाव में बतौर प्रत्याशी उतार कर अच्छा प्रदर्शन तो किया पर उसे लगभग 105000 मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी सांसद जगदंबिका पाल के सामने मुंह की खानी पड़ी। इस बार फिर गोरखपुर जनपद से ही पहले ख्वाजा शमसुद्दीन और बाद में गोरखपुर जनपद के ही मोहम्मद नदीम मिर्जा को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है ।नामांकन के दिन नदीम मिर्जा के नाम पर जिला अध्यक्ष दिनेश गौतम व जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शमीम को बसपा कार्यकर्ताओं के विरोध का जिस प्रकार सामना करना पड़ा वह जग जाहिर है।

ऐसा लगता है बसपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा ठंडा कर पाना आसान काम नहीं है। दूसरी ओर भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद रावण की आजाद समाज पार्टी ने शोहरतगढ़ के पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह को चुनाव मैदान में उतार दिया है। बसपा के वोट बैंक समझे जाने वाले




वर्ग की युवा पीढ़ी चंद्रशेखर रावण की फैन मानी जाती है ऐसे में बसपा के लिए अपने कार्यकर्ताओं को आजाद समाज पार्टी की ओर बढ़ने से रोकना पहली चुनौती है। बसपा वोटर बहिन जी के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखेंगे या किसी दूसरे दल का सहारा बनेंगे अथवा कई हिस्सों में बंट जाएंगे फिलहाल यह भविष्य ही बताएगा। इस समय सपा व भाजपा के कदावर प्रत्याशियों और उनके सिपहसालारों की नजर बसपा वोट बैंक पर गड़ी हुई है ऐसी चर्चाएं हैं। बसपा के लिए इस स्थिति से उबरने की भी चुनौती है।

इन दिनों सनातनी परंपरा को दरकिनार कर मांगलिक, सांस्कृतिक आयोजनों को नया कलेवर देने वाला बसपा से जुड़ा वह बड़ा वर्ग बीजेपी, इंडिया गठबंधन की ओर रुक करेगा या फिर चंद्रशेखर रावण की ओर ! रावण की आजाद समाज पार्टी के पिछड़ों के युवा चेहरा पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह को प्रत्याशी बनाने के पीछे दो प्रमुख कारण हैं ।पहले अमर सिंह कुर्मी जाति से हैं और लोकसभा क्षेत्र में इस जाति के वोटरों की संख्या तकरीबन 100000 है। यह वर्ग राजनीति की समझ नए सिद्धांतों से जुड़ी मानी जाती है ।रावण की पार्टी के साथ विधानसभा चुनाव 2022 के बाद से ही चौधरी अमर सिंह जुड़े ही नहीं हैं बल्कि उसके लिए लगातार कार्य करते रहे हैं ।रावण समर्थक दलित युवाओं से उनका जुड़ाव किसी से छिपा नहीं है ।इसके अलावा पूर्व विधायक चौधरी लोकल फार वोकल के तराजू पर भी फिट नजर आ सकते हैं ।इसको लेकर चर्चाएं शुरू भी हैं क्योंकि वही एकमात्र चर्चित प्रत्याशी हैं जो इस जनपद से हैं। बाकी भाजपा व इंडिया गठबंधन दोनों के प्रत्याशी गैर जनपदों से हैं।

यही वजह है कि श्री चौधरी के चुनाव मैदान में आने के बाद से बीजेपी, इंडिया गठबंधन और बहुजन समाज पार्टी ऊहापोह की स्थिति में है, सकते में है ।फिलहाल तो इस स्थिति के चलते बसपा के सामने अपने वोट बैंक को बचाने की चुनौती तो है ही। ब्राह्मणों कि अधिक मत संख्या पर जो लगभग तीन लाख माने जा रहे हैं पर प्रभावित होकर सपा ने जहां कद्दावर ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर ब्राह्मण मतों को सहेजने का दांव चला है, तो वहीं इन मतदाताओं को साधने के लिए बड़े ब्राह्मण चेहरों के सहारे मान मन्नवल कर इन्हें फिर से अपने पाले में लाने कि जी तोड़ कोशिश कर रही हैं इसके अलावा भाजपा, सपा, आसपा पिछड़े व दलित मतों को अपने पाले में लाने को हर जुगत में लगे हैं।

# केजरीवाल की बुद्धि भ्रम में पड़ गई है–योगी

**लखनऊ (आभा)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को लखनऊ में दावा किया कि मोदी की सरकार तीसरी बार बनी तो योगी को हटा दिया जाएगा। केजरीवाल के दावे के कुछ देर बाद ही सीएम योगी ने तीखा पलटवार किया है। सीएम योगी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जेल क्या गए उनकी बुद्धि भ्रम में पड़ गई है। उनको अब लगता है कि कभी जेल से बाहर नहीं आना है। उनको मुख्यमंत्री पद का इतना लालच हो गया है कि अपनी बात को मुझसे जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। यह जेल जाने का रिएक्शन है। सीएम योगी ने कहा कि केजरीवाल अभी जेल से निकलकर आए हैं। उन्हें जेल का साइड इफेक्ट हो रहा है। सीएम योगी ने यहां तक कहा कि उनकी खांसी से पूरी दिल्ली की जनता आज खांस रही है। सीएम ने कहा कि मैं योगी हूं। देश और सनातन धर्म के लिए एक बार नहीं





सौ बार सत्ता को ठुकरा सकता हूं।

सीएम योगी ने फतेहपुर में भाजपा प्रत्याशी के लिए आयोजित रैली में कहा कि गुरूवार को दिन में चौथी जनसभा कर रहा हूं। लेकिन आम आदमी पार्टी और सपा वाले जनता से दूर भाग रहे हैं। कल कांग्रेस अध्यक्ष और सपा अध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस कर देश से गरीबी दूर करने का दावा किया। आज आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष ने सपा अध्यक्ष के साथ प्रेस कांफ्रेंस की है। योगी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अभी जेल से बाहर आए हैं। उन्हें जेल का साइड इफेक्ट हो रहा है। कहा कि अरविंद जी मैं योगी हूं। मेरे लिए राष्ट्र पहले है। देश और सनातन धर्म के लिए एक बार नहीं सौ बार सत्ता को ठुकरा सकता हूं। हम लोगों का जो कुछ भी है, वह जनता जनार्दन के लिए है। जैसे पहले थे आगे भी वैसे ही रहेंगे। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री हैं इसलिय अपने नेता के विजन को धरातल पर उतार रहे हैं। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। राम मंदिर भी बना रहे हैं और माफिया का राम नाम सत्य भी कर रहे हैं। कहा कि याद कीजिए आपने दिल्ली की सत्ता कैसे हासिल की थी।

## शत प्रतिशत मतदान से पूरे होंगे लक्ष्य- स्कन्द

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष स्कन्द श्रीवास्तव ने गुरूवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता के दौरान शत प्रतिशत मतदान का आवाहन किया। दावा किया कि अपने नीति, कार्यक्रम के बल पर भाजपा 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। पत्रकारों के सवालों का उत्तर देते हुये स्कन्द श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा की सरकार में मुण्डेरवा की चीनी मिल शुरू हुई और शीघ्र ही बस्ती, वाल्टरगंज की बंद चीनी मिलों के विवाद को हल कराकर उसे चलवाने या नया कारखाना लगवाने का प्रयास किया जायेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष स्कन्द श्रीवास्तव ने कहा कि अबकी बार का मतदान बहुत महत्वपूर्ण है, इस मतदान से केवल सरकार का गठन नहीं है, बल्कि इस मतदान से संपूर्ण भारतवर्ष नहीं पूरे विश्व का जगतगुरु बनने के राह पर और तेजी से बढ़



रहा है। कहा कि मतदान में आपकी सहभागिता जरूरी है, आप ही जनता जनार्दन हैं। इस बार लोक सभा 2024 चुनाव में भाजपा का लक्ष्य 4सौ पार का है, जिसे जनता ने संकल्प ले लिया है, और पूरा करने के लिए उत्साहित भी है।

उन्होंने कहा कि बस्ती लोक सभा के उम्मीदवार हरीश द्विवेदी जी हैं जो विद्यार्थी परिषद का कार्य करते समय से शिष्ट और उच्च शिक्षा प्राप्त हैं, लोक सभा का दो बार प्रतिनिधित्व करने के बाद अपनी कार्य शैली को लेकर क्या हिन्दू क्या मुसलमान सभी में लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के सरकारों की जितनी भी कल्याणकारी विकास कार्यक्रम की योजनाएं बनी सभी को जिले के गांव गांव में देखा जा सकता है। किसान,महिलाएं, बालिकाएं या शिक्षा का क्षेत्र हो या खेती किसानी सभी सभी को स्तिथि मजबूत हुई है, और वह स्वावलंबी हुए हैं।

कहा कि भाजपा ने अपने नेतृत्व को सनातन धर्म की प्राथमिकता के साथ उनकी कार्यशैली में आध्यात्मिक संवेदनशीलता का आदर्श कायम रक्खा, उसी की देन राम मंदिर का भव्य निर्माण भी है। यही सब कारण है कि जनता ने एस बार 04 सौ पार का संकल्प स्वम ले रक्खा है। इस बार लोक सभा 2024 चुनाव भाजपा और राष्ट्र के लिए काफी महत्त्वपूर्ण होगा, क्योंकि मोदी जी विश्व स्तर पर विभिन तकनीकी सामरिक अन्यान्न क्षेत्रों की स्पर्धा में भारत को पहले नंबर पर ले जाना है।

## हरीश की जीत के लिये घर-घर पहुंचने लगे भाजपा कार्यकर्ता

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी हरीश द्विवेदी को तीसरी बार सांसद बनाने के लिये पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने ताकत झोंक दिया है। वे घर–घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान का आग्रह कर रहे हैं। इसी कड़ी में नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 25 के सभासद रमेश गुप्ता द्वारा घर–घर जाकर लोगों से सम्पर्क का क्रम अनवरत जारी है। उन्होने सांसद हरीश द्विवेदी की पत्नी विनीता द्विवेदी और पार्टी नेताओं के साथ पिकौरा बक्श, त्रिपाठी गली, हाईडिल कालोनी, धर्मशाला रोड, बाटा गली मुहल्ले में घरों तक पत्रक पहुंचाया और आवाहन किया कि



आगामी 25 मई को मतदान अवश्य करें।

भाजपा नेताओं द्वारा घर–घर पहुंचाये जा रहे पत्रक में विकास कार्यो का लेखा जोखा विस्तार से प्रकाशित है। सभासद रमेश गुप्ता ने बताया कि सम्पर्क के दौरान मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष आलोक पाण्डेय, अनूप खरे के साथ ही क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।

## अधिकारियों ने भट्टे में डाल दिया पानी, अपना दल एस में रोषःडीएम से भट्ठा चलवाने की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । हर्रैया तहसील क्षेत्र के बनगवा खास स्थित ईट भट्टे पर बिना कोई सूचना दिये अधिकारियों द्वारा पक रहे ईटों पर पानी डाल देने का मामला सामने आया है। इस सम्बन्ध में भट्ठे के मालिक एवं अपना दल एस के हर्रैया विधानसभाध्यक्ष चिन्ताराम वर्मा जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को पत्र सौंपा। मांग किया कि मामले की जांच कराकर ईट भट्टा को चलाये जाने की अनुमति दिया जाय।

डीएम को सम्बोधित पत्र में चिन्ताराम वर्मा ने कहा है कि 15 मई बुधवार को उनके बनगवा खास स्थित ईट भट्टे पर प्रशासनिक अधिकारी नायब तहसीलदार ऋषभ सिंह, खनन विभाग के अधिकारी प्रशान्त यादव, अग्निशमन विभाग के अधिकारी, हल्का लेखपाल दुर्गेश द्विवेदी परशुरामपुर थाने की पुलिस के साथ पहुंचे और पक रहे ईटों पर



पानी डालने लगे। भट्टे पर मौजूद मुंशी ने जब कहा कि आप लोग बिना किसी सूचना या नोटिस के ऐसा नहीं कर सकते तो अधिकारियों, कर्मचारियों ने गालियां देते हुये उनके कार्यालय को भी सीज कर दिया। पत्र में कहा गया है कि उनके कार्यालय में दो लाख रूपया नकद एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुये थे जिसको गायब कर दिये जाने की आशंका है। जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को पत्र देते समय अपना दल एस के राम नयन पटेल, राजमणि पटेल, शिवकुमार चौधरी, प्रदीप पटेल 'राना' निसार अहमद, रमेश चन्द्र गिरी, राजेश चौधरी, बलराम चौधरी, रमेश चन्द्र भारती, सुखराम पटेल, सुनील पटेल, विजय पटेल, शिवेन्द्र चौधरी, संजय चौधरी, रामजीत पटेल, विजय कुमार वर्मा, पवन वर्मा, सन्तराम पटेल, निपुल सिंह, घनश्याम लाल, शिवपूजन के साथ ही अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

*“मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता”–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक भारतीय बस्ती

बस्ती 17 मई 2024 शुक्रवार

## सम्पादकीय

## हिन्दू– मुसलमान और हृदय परिवर्तन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नवीनतम बयान कि ''मैं जिस दिन हिंदू–मुसलमान करूंगा न, उस दिन मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा और मैं ड्क्षहदू–मुसलमान नहीं करूंगा, यह मेरा संकल्प है।'' कई लोगों के लिए एक बड़ा सुखद आश्चर्य और उनके अंध भक्तों के लिए एक बड़ा झटका है, जो इतने समय से सांप्रदायिक आख्यान का सहारा ले रहे थे।एक टी.वी. चौनल के साथ साक्षात्कार के दौरान मोदी को यू–टर्न लेने के लिए किस बात ने प्रेरित किया, इस पर लंबे समय तक बहस होगी लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि उनके अनुयायियों सहित अधिकांश लोगों को इस बयान पर विश्वास नहीं होगा। शायद यह आशंका थी कि निरंतर सांप्रदायिक अभियान अनुत्पादक साबित हो रहा था या शायद यह अहसास था कि इस अभियान से 'दाल नहीं पक रही'। यह भी हो सकता है कि नैरेटिव बदलने की जरूरत हो।

वर्तमान चुनाव को, इतिहास में किसी भी अन्य से अधिक, भारतीय जनता पार्टी के अभियान द्वारा नस्लवाद के खुले प्रदर्शन के साथ सांप्रदायिक बनाने के प्रयासों के लिए याद किया जाएगा। कुछ ही दिन पहले, प्रधानमंत्री ने राजस्थान के बांसवाड़ा में एक भाषण के दौरान कहा था, ''पहले जब उनकी सरकार थी, उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब, ये संपत्ति इक्ट्ठी करके किसको बांटेंगे? जिनको ज्यादा बच्चे हैं उनको बांटेंगे, घुसपैठियों को बांटेंगे।'' एक बच्चे के लिए भी यह स्पष्ट है कि संदर्भ मुसलमानों की ओर था। एक अन्य भाषण में उन्होंने दावा किया था कि कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि वे माताओं और बेटियों के सोने का हिसाब लेंगे और फिर उनकी संपत्ति वितरित करेंगे... ये मेरी माताओं और बहनों के मंगलसूत्र को भी नहीं छोड़ेंगे।'' एक अन्य भाषण में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र 'मुस्लिम लीग की छाप रखता है'। कांग्रेस ने आरोपों का खंडन किया और कहा है कि पार्टी के घोषणापत्र में कहीं भी संपत्ति के पुनर्वितरण या सोना छीनने का कोई ज़िक्र नहीं है। हालांकि, भाजपा नेताओं और उम्मीदवारों द्वारा दिए गए भाषण जहर उगल रहे थे और सत्तारूढ़ दल की सोशल मीडिया सेना इस बात को फैला रही थी।

किसी भी आलोचना या किसी भिन्न दृष्टिकोण का मीडिया 'कार्यकर्ता' की ओर से तीव्र आक्रामकता और यहां तक कि सामाजिक तौर पर दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा, जो या तो भुगतान प्राप्त करते हैं या पार्टी की कहानी में विश्वास करते हैं। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी हिंदू–मुस्लिम पर अपने रुख को लेकर कभी भी माफी मांगने वाली या शब्मदा नहीं रही। ऐसे कई मौके आए, जब उसने अपना रुख स्पष्ट किया। निवर्तमान सरकार की मंत्रिपरिषद में कोई मुस्लिम नहीं था, न ही इसने किसी मुस्लिम उम्मीदवार को पार्टी का टिकट दिया या किसी शीर्ष पद पर इस धर्म के किसी सदस्य को नियुक्त किया। जहां मोदी ने सिर पर पगड़ी या कोई अन्य चीज बांध ने में कोई झिझक नहीं दिखाई, एकमात्र टोपी जिसे उन्होंने पहनने से इंकार किया, वह मुसलमानों की टोपी है।

मौजूदा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं के लगभग सभी भाषणों में सांप्रदायिकता की बू आ रही है। फिर भी, पार्टी ने भारतीय चुनाव आयोग द्वारा भेजे गए नोटिस के जवाब में न केवल प्रधानमंत्री के भाषणों को सही ठहराया, बल्कि कांग्रेस पर हिंदू धर्म को बदनाम करने का आरोप लगाया है। यहां तक कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल न होकर कांग्रेस ने 'पाप' किया है। भारतीय जनता पार्टी की पृष्ठभूमि वाली टीमें भी मुसलमानों से 'खतरे' का दावा करने के लिए पुरानी या पक्षपाती रिपोर्टें खोजकर आग में घी डालने का काम कर रही थीं। एक पुरानी रिपोर्ट को ठीक समय पर जारी करने में, वास्तव में यह एक रिपोर्ट भी नहीं है, बल्कि प्रधान मंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अलावा किसी और द्वारा तैयार किया गया एक 'वर्किंग पेपर' है, जिसमें कहा गया कि भारत में 1950 और 2015 के बीच हिंदू आबादी का हिस्सा 7.82 प्रतिशत कम हो गया जबकि मुसलमानों की संख्या में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

'वर्किंग पेपर' ने दावे के स्रोत को उद्धृत नहीं किया, जिससे दो प्रमुख बिंदू आसानी से छूट गए– एक यह कि विकास प्रतिशत एक मिथ्या नाम है क्योंकि 1950 में हिंदू आबादी लगभग 84.68 प्रतिशत थी जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 प्रतिशत। 2011 की जनगणना के अनुसार, उपलब्ध अंतिम जनगणना के आंकड़ों के अनुसार, जनगणना 2021 में कोविड के कारण आयोजित नहीं की गई थी और बिना किसी वैध कारण के अब तक स्थगित कर दी गई है, हिंदू आबादी का 79.8 प्रतिशत, जबकि मुस्लिम 14.2 प्रतिशत है। मुसलमानों की जनसंख्या में तुलनात्मक रूप से तेज वृद्धि के कई कारण हैं, जिनमें गरीबी और साक्षरता की कमी भी शामिल है।

दूसरा और इससे भी अधिक महत्वपूर्ण तथ्य, जिसे भाजपा नेता और समर्थक नजरअंदाज कर देते हैं, वह है हिंदू और मुस्लिम महिलाओं के बीच वर्तमान प्रजनन दर। यह क्रमशः 2.1 और 2.2 है। इसका मतलब यह होगा कि मुस्लिम महिलाओं में प्रजनन दर केवल .1 प्रतिशत अधिक है और दोनों समुदायों के बीच जनसंख्या वृद्धि की वर्तमान दर को देखते हुए, मुस्लिम आबादी को हिंदू आबादी के करीब आने में हजारों साल लगेंगे। हालांकि, 'वर्किंग पेपर' की रिपोर्ट के कारण समाचार पत्रों के अलावा सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर भी अभियान की बाढ़ आ गई, जिसमें निकट भविष्य में मुस्लिम आबादी के हिंदुओं पर हावी होने के 'आसन्न खतरे' के बारे में प्रचार किया गया। हालांकि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री के यू–टर्न को स्वीकार करने वाले कम ही लोग होंगे लेकिन ह्रदय परिवर्तन निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। यह और भी बेहतर होगा यदि उनके अंध अनुयायी और समर्थक भी सीख लें और जहर फैलाने से बचें तथा बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे आम आदमी को प्रभावित करने वाले वास्तविक मुद्दों पर बात करना शुरू करें।

# सोशल मीडिया पर केन्द्रित राजनीति



–मनोज सिंह–




राजनीति में चुनाव जितना बड़ा होता है जनमत का महत्व उतना ही बड़ा हो जाता है लेकिन व्यक्तिगत विरोध भी ना चाहते हुए बढ़ जाता है लेकिन महत्वपूर्ण समय में थोड़ा झुक कर आन्तरिक विरोध कम किया जा सकता है।

बस्ती लोकसभा 2014 का चुनाव मोदी लहर और भाजपा के सांगठनिक, जमीनी पृष्ठभूमि से युवा और परिपक्व नेता हरीश द्विवेदी को टिकट मिलता है और विपक्ष में राजकिशोर सिंह के छोटे भाई बृजकिशोर सिंह को सपा और कांग्रेस के गठबंधन से चुनाव मैदान में कड़े संघर्षों के बावजूद चुनाव थोड़े अंतर से हार जाते हैं जबकि उस समय राजकिशोर सिंह का राजनीतिक सूरज आसमान में पूरे शबाब पर था दूसरी बसपा दो लाख से अधिक मत हासिल करके अप्रत्यक्ष रूप सपा को नुक्सान पहुंचाया वही दूसरी तरफ उस समय तपती धूप में सांसद हरीश द्विवेदी ने बिहार के संघर्षशील नेता प्रशांत किशोर के पदयात्रा की तरह बस्ती जनपद के गांव गांव और गली–गली में कड़ी धूप में तपते रहे और निरंतर घर–घर तक पैदल पहुंचते रहे उसका सुखद परिणाम उन्हें 2014 में माननीय सांसद के रूप में मिला। 2017 तक दो वर्षों से अधिक समय तक निरंतर पूरे बस्ती जनपद में इस कदर सक्रिय रहे जिसके परिणाम स्वरुप 2017 के विधानसभा चुनाव में जनपद की पांचों सीटों पर विजय हासिल करने में सांसद हरीश द्विवेदी की बड़ी भूमिका रही है।

पुनः 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद कुछ विधानसभाओं में गुटबाजी के संकेत दिखने लगे जिसके चलते 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को आंतरिक कलह के कारण पांच में से चार सीटें गंवानी पड़ी।

दरअसल 2017 में नई–नई सत्ता पाने वाले लोगों के करीब नए–नए वह शुभचिंतक जुड़ने लगे जो 2017 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों का जमकर विरोध कर रहे थे जिसके चलते भाजपा के जमीनी नेता और कार्यकर्ता आहत हुए और उसका परिणाम 2022 में सबके सामने है 15 मई 2024 को गौर क्षेत्र के शिवपुर ग्राम सभा में उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के कार्यक्रम में कप्तानगंज के पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश शुक्ल ने 2022 के चुनाव में जनमत की तारीफ और नए शुभचिंतकों का दर्द इशारों इशारों में बता गये।

वही पांचो विधानसभाओं में एकमात्र विजेता विधायक अजय सिंह जो गुटबाजी के दौर में संसद के सबसे करीबी और कदम से कदम मिलाकर चलने वाले राजनेता ने इस मंच पर एक तरफ वोट के लिए जनता से आवाहन करते नजर आए ,योगी मोदी के गुणगान करते हुए एक एक वोट के लिए संघर्षों की जो पटकथा में घर घर में एक एक वोट के लिए संघर्षो ष्की बात कहकर इशारों इशारों में बड़ा संदेश दें गये। राजनीति में पार्टी का जनमत बड़ा महत्व रखता है लेकिन प्रत्याशियों का भी अपना जन आधार होता है।

2019 के लोकसभा चुनाव में जहां एक तरफ भाजपा का जनाधार था वही सांसद हरीश द्विवेदी के कार्यशैली और परिश्रम से बड़ा जनमत उनके साथ था एक दो विध ानसभाएं ऐसी थी जहां विधायक से ज्यादा सांसद नजर आते थे इसके साथ ही विकास कार्यों में चाहे सड़क निर्माण हो या रेलवे स्टेशन तथा ट्रेनों के ठहराव और अंडरपास जैसे बहुत से कठिन और महत्वपूर्ण कार्य उन्होंने बस्ती जनपद में कराया इसमें कोई संदेह नहीं है।

वर्तमान समय में 2024 का चुनाव अपने चरम पर है मात्र 8 दिन शेष है प्रत्याशी चुनने में इस बार के चुनाव में बिल्ला झंडा बैनर पोस्टर से प्रचार के स्थान पर सोशल मीडिया और फेसबुक की सक्रियता बढ़ गई है चुनाव का रूप भी 2014 की तरह 2024 में गमछा और झंडा किसी और का वोट किसी और को कहीं कहीं देखने को मिल रहा है लेकिन योगी मोदी की कार्य शैली और हरीश द्विवेदी के दस साल का कार्यकाल जनमत पर असर बनाये हुए हैं।

प्राचीन काल में जन के मत को जानने के लिए राजा या महामंत्री भेष बदलकर जनता के बीच जाकर सुख और दुख के कारणों पता लगाते थे जबकि वर्तमान दौर में भेष बदलने की भी जरूरत नहीं है फोन से हर ग्राम सभाओं के दो–चार लोगों से वहां की वास्तविक स्थिति का आकलन हो सकता है कानून व्यवस्था की स्थिति और आम जन का शोषण पता चल जाता है, लेकिन इसकी फुर्सत वह लोग नहीं मिलने देते जो दिन–रात जनप्रतिनिधियों को देर रात तक घेर कर और उनके शुभचिंतक बन समाज में शोषण का कार्य करते हैं और जनप्रतिनिधि की छवि को धूमिल करते हैं।


राजनेता को ताकत जनमत से मिलता है और अधिकारी को अपनी प्रतिभा और शासन द्वारा अधिकार मिलता है जनता की समस्याएं दूर करने के लिए कुछ अधिकारी अपनी प्रतिभा और विवेक से जनहित कार्यों में इतिहास रच जाते हैं जिसमें जिलाधिकारी श्री आंद्रा वामसी बस्ती द्वारा पांच हजार से अधिक लंबे समय से चल रहे मुकदमों को समाप्त करने का जो कार्य किया है वह दशकों तक याद किया जाएगा वही मंडल आयुक्त श्री अखिलेश कुमार सिंह प्रायः जन समस्याएं बहुत इत्मीनान से सुनते नजर आते हैं और उसको क्रियान्वित करने का हर संभव प्रयास करते हैं।

कप्तान गंज के विधायक अतुल चौधरी ने गौर को तहसील बनाने का आवाज सदन में उठाया है और उसे दिशा में प्रयास भी कर रहे हैं इसकी सराहना भी होनी चाहिए। सांसद हरीश द्विवेदी ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य जनपद के लिए किये , दूसरे दलों के जनाधार वाले नेताओं को अपने दल में ले आए लेकिन अपने ही घर के कुछ लोग रुठे रुठे नजर आ रहे हैं क्या उनको भी मनाने, सन्तुष्ट करने का प्रयास करेंगे ?

# चौथे स्तंभ की सजगता और जनतंत्र



–विश्वनाथ सचदेव–



देश का प्रधानमंत्री कुछ भी कहे उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए, उस पर चर्चा भी होनी चाहिए। पर हाल ही में पटना के एक चुनावी आयोजन में उन्होंने एक पत्रकार से जो कुछ कहा, उसके बजाय उनका एक पत्रकार से रोड शो के दौरान बात करना कहीं अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिछले दस साल के शासनकाल में हमारे प्रधानमंत्री ने देश में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित नहीं किया है। हां, कुछ पत्रकारों से अलग–अलग बातचीत अवश्य करते रहे हैं, पर इन सारी मुलाकातों को 'प्रायोजित' ही समझा जाता रहा है। यह भी अपने आप में कम महत्वपूर्ण नहीं है कि ऐसी मुलाकातों में से एक जो सबसे ज़्यादा चर्चित रही है उसमें प्रधानमंत्री से 'आप आम कैसे खाते हैं' जैसे सवाल पूछे गये थे!

बहरहाल, एक टीवी चैनल के पत्रकार से रोड शो के दौरान हुई बातचीत की घटना को अखबारों की सुर्खी बनना ही था। चौनलों पर भी इस मुलाकात को लेकर विशेष चर्चाएं आयोजित हुईं। यह भले ही किसी को याद न रहा हो कि इस बातचीत में क्या मुद्दे उठाये गये, पर यह सब को याद होगा कि दस साल की चुप्पी के बाद प्रधानमंत्री ने इस तरह से पत्रकार के सवालों का जवाब दिया। महत्वपूर्ण यह भी है कि इस इंटरव्यू के बाद समाचार चौनलों और अखबारों के प्रतिनिधियों से प्रध ानमंत्री की बातचीत का दौर–सा चल पड़ा। कयास इस बारे में लगाये जा रहे हैं कि अचानक प्रधानमंत्री जी को पत्रकारों से इस तरह बात करना जरूरी क्यों लगने लगा है। और चर्चा इस बात की भी है कि आम–चुनाव के तीन दौर समाप्त होने के बाद मतदाता की 'उदासीनता' देखकर राजनेताओं, विशेषकर सत्तारूढ़ दल भाजपा, के नेताओं को लगने लगा है कि रणनीति कुछ बदलने की जरूरत है।

इस बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं, विभिन्न राय हो सकती हैं, पर मीडिया को लेकर प्रधानमंत्री के रुख में आया यह परिवर्तन स्वागतयोग्य है। उम्मीद की जानी चाहिए कि पत्रकार–समाज इस अवसर का समुचित उपयोग करने की कोशिश करेगा। उम्मीद यह भी की जानी चाहिए कि यदि पत्रकारों को आगे भी ऐसे अवसर मिलते हैं तो पत्रकार निर्भीकता और ईमानदारी के साथ सवाल पूछेंगे और उन्हें समुचित उत्तर मिलेंगे। बात सिर्फ सवाल पूछने और उत्तर मिलने तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, यदि किसी सवाल का सम्यक उत्तर नहीं मिलता तो पत्रकार से यह अपेक्षा की जाती है कि वह निर्भीकतापूर्वक पूरा उत्तर प्राप्त करने की कोशिश करेगा। इस संदर्भ में मुझे एक बड़े अखबार के बड़े पत्रकार की ऐसी ही बातचीत याद आ रही है। पत्रकार ने प्रध ानमंत्री से पूछा था– चुनाव प्रचार में इस बार धर्म–आधारित भाषण ज़्यादा हो रहे हैं, आप इन्हें कैसे देखते हैं? इस प्रश्न का जो उत्तर प्रधानमंत्री ने दिया, वह इस प्रकार छपा है रू 'आप कांग्रेस का मेनिफेस्टो देखिए। उसके शहजादे का भाषण देखिए। मनमोहन सिंह की सरकार का ट्रेक रिकॉर्ड देखिए। उसमें सिर्फ और सिर्फ तुष्टीकरण की भावना नजर आयेगी। तुष्टीकरण कांग्रेस का मूल स्वभाव बन गया है। इसके बिना उनकी राजनीति नहीं चल सकती। यह मेरा दायित्व है कि मैं तथ्यों को देश के सामने रखूं। मैं उनका पिछला ट्रेक रिकॉर्ड जनता को बता रहा हूं। वो किस सोच के तहत काम करते हैं, ये देश को जानना आवश्यक है।'

पता नहीं जो चार सवाल और उनके उत्तर अखबार में छपे हैं इसके अलावा भी प्रधानमंत्री जी ने कुछ कहा था, लेकिन यह एक उत्तर पूछे गये सवाल के साथ न्याय नहीं करता। चुनाव में धर्म आधारित भाषण की बात सभी दलों पर लागू होती है। प्रधानमंत्रीजी से यह पूछा जाना चाहिए था कि सवाल भाजपा के नेताओं से भी संबंधित है और उनसे यह अपेक्षा है कि वे बतायेंगे कि भाजपा के नेता ऐसा क्यों कर रहे हैं? लेकिन यह पूछा नहीं गया और न ही स्वयं प्रधानमंत्री जी ने इस बारे में कुछ कहना जरूरी समझा।

यह पहली बार नहीं है कि चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों द्वारा धर्म का सहारा लेने की बात उठी है। लगभग हर चुनाव में धर्म की बैसाखी का सहारा लेकर चुनावी लाभ लेने की कोशिशें हुई हैं। हमारा संविधान इस बात की इजाजत नहीं देता। ध र्म के नाम पर मतदाता को बांटना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं समझा जाना चाहिए। 'राम मंदिर पर बाबरी ताला' जैसी बात कहना अपने आप में मर्यादा की लक्ष्मण रेखा के उल्लंघन से कम नहीं है। किसी राजनेता का किसी भी मंदिर में जाना कतई गलत नहीं है। हर एक को अपनी आस्था और श्रद्धा का सम्मान करने का अधिकार है। इस संदर्भ में किसी को किसी से कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए। शिकायत सिर्फ इस बात की होनी चाहिए कि हमारे राजनेता धर्म के नाम पर वोट मांगकर हमारे संविधान का अपमान कर रहे हैं। धर्म आधारित भाषण वाले सवाल के उत्तर में प्रधानमंत्री को यह बताना चाहिए था कि वह धर्म के इस दुरुपयोग का समर्थन नहीं करतेय उन्हें कहना चाहिए कि पंथ–निरपेक्ष देश में धर्म के नाम पर राजनीति करने का किसी को कोई अधिकार नहीं है। उदाहरण हैं हमारे यहां जब राजनेताओं को ऐसे अपराध की सजा मिली है, पर अधिसंख्य राजनेता ऐसे उदाहरणों की परवाह नहीं करते। धार्मिक आध ार पर तुष्टीकरण की नीति का समर्थन नहीं किया जा सकता, पर ध र्म के नाम पर ध्रुवीकरण की कोशिश भी तो छोटा अपराध नहीं है। यह सचमुच दुर्भाग्य की बात है कि आम चुनाव के अबबीच हिंदू–मुसलमान की बात होने लगी है। चुनाव प्रचार की शुरुआत में ऐसा नहीं था, पर पता नहीं क्यों शीर्ष राजनेताओं को इसकी जरूरत क्यों महसूस होने लगी है?

चुनाव के चार दौरों के पूरा होने के बाद यदि एक और बात जो सामने आयी है, वह मतदाता की अपेक्षाकृत उदासीनता है। अपेक्षा से कम मतदाताओं का मतदान के लिए आना सबके लिए चिंता की बात होनी चाहिए। अधिकाधिक मतदाता पोलिंग बूथ तक पहुंचें यह जनतंत्र की सफलता का एक संकेत है। लेकिन यदि धर्म के नाम पर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश जरूरी है तो ऐसी राजनीति देश को नहीं चाहिए। हर नागरिक, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, पहले भारतीय है। यह और ऐसी बातें प्रधानमंत्री को धर्म आधारित भाषणों वाले प्रश्न के उत्तर में कहनी चाहिए थीं। यदि उन्होंने अपने कुछ कारणों से ऐसा नहीं किया तो पत्रकार का काम था उन्हें यह अहसास कराना कि प्रश्न धर्म के नाम पर की जाने वाली राजनीति के औचित्य का था।

बहरहाल, कारण कुछ भी रहे हों, प्रधानमंत्री की यह पहल एक अच्छी शुरुआत है। यह सिलसिला, दस साल पहले ही शुरू हो जाना चाहिए था। रहे होंगे कुछ भी कारण ऐसा न कर पाने अथवा न हो पाने के, पर स्वस्थ जनतंत्र में राजनीति और पत्रकारिता का स्वस्थ रिश्ता होना जरूरी है। पत्रकारिता का दायित्व है कि वह विधायिका को जागरूक बनाये रखने के प्रति सजग और सक्रिय रहे और विधायिका का कर्तव्य है कि वह इन स्वस्थ रिश्तों को कमजोर न पड़ने दे। पत्रकारिता को जनतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। इस स्तंभ की मजबूती जनतंत्र की मजबूती का एक आधार है।

अर्सा हुआ, प्रधानमंत्री एक इंटरव्यू को अधूरा छोड़कर उठ गये थे। उठते–उठते उन्होंने कहा था, 'हमारी दोस्ती बनी रहे।' उम्मीद की जानी चाहिए कि पटना की उस रैली में प्रध ानमंत्री ने जो पहल की है, वह इस 'दोस्ती' को बनाये रखने में मददगार होगी। स्वस्थ राजनीति, स्वस्थ पत्रकारिता और स्वस्थ रिश्ते हमारे जनतंत्र को सार्थकता देंगे।– लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# महंगाई के खिलाफ आक्रोश



–विवेक शुक्ला–

जब हमारी कश्मीर घाटी में लोकसभा चुनाव का प्रचार जारी है, तब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के बहुत बड़े हिस्से में अवाम सड़कों पर है। जम्मू–कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से सिर्फ 130 किलोमीटर दूर पीओके की राजध ानी मुजफ्फराबाद और मीरपुर जैसे प्रमुख शहरों में जनता सरकार से दो–दो हाथ करना चाहती है। जनता पीओके सरकार और देश की संघीय सरकारों से अपना हक मांग रही है।

पीओके में जब आंदोलन चल रहा है, तब भारत में चल रहे लोकसभा चुनाव की कैंपेनिंग के दौरान पीओके का ज़िक्र आ रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीते रविवार को कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का है, उसे हम लेकर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पीओके को भारत से मिलाने पर भारतीय संसद का एक अहम प्रस्ताव भी है।

बहरहाल, पीओके की बिगड़ती स्थिति की वजह से पाकिस्तान के रहनुमाओं की रातों की नींदें उड़ गई हैं। पाकिस्तान तो भारत के जम्मू–कश्मीर पर बार–बार अपना दावा करता है, पर दुनिया देख रही है कि उसके कब्जे वाला कश्मीर जल रहा है। पीओके की अवाम बिजली की भारी–भरकम बिलों और आटे के आसमान छूते दामों के कारण आक्रोशित है। वहां पर संकट गहराता जा रहा है।

दरअसल, सोशल मीडिया के दौर में पीओके की जनता देख रही है कि भारत के कश्मीर में जनता कम से कम बिजली के बिलों या आटे की आसमान छूती कीमतों के कारण तो नाराज नहीं है। वहां अन्य मसले हो सकते हैं, पर कुल मिलाकर जीवन सुकून भरा है। पीओके में ताजा हिंसक आंदोलन की तात्कालिक वजह यह है कि पाकिस्तान सरकार ने आटे की कीमतों को कम करने की मांग को मानने से इंकार कर दिया है। बिजली के बिल कम करने पर तो सरकार आंदोलनकारियों से कोई बात करने तो वैसे भी तैयार नहीं है।

दरअसल, पीओके में बवाल तब शुरू हुआ जब अवामी एक्शन कमेटी ने 8 मई, 2024 को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किए थे। इससे पहले, बीते साल अगस्त में बिजली बिलों पर नए करों को लगाने से स्थिति बिगड़ने लगी थी। इन करों के विरोध में मुजफ्फराबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू किए थे, जिन्हें स्थानीय व्यापारियों का समर्थन मिला। ये प्रदर्शन जल्दी ही रावलकोट और मीरपुर जिलों तक फैल गए। पिछले साल 17 सितंबर को मुजफ्फराबाद में एक बैठक के बाद, अवामी एक्शन कमेटी ने अपने आंदोलन को राज्यव्यापी करने का फैसला किया। इसके बाद पीओके में बिजली बिल जलाये जाने लगे। इसके जवाब में, सरकार ने कई आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया, लेकिन जनता के दबाव के कारण उन्हें रिहा कर दिया। इसके बाद आंदोलनकारियों की तरफ से सरकार को 10 सूत्रीय मांगों की सूची सौंपी गई। इस सूची में आटे पर सब्सिडी और बिजली के बिलों में कमी करने की मांगें शामिल थीं। पर, सरकार बिजली बिलों में कमी और आटे के दाम कम करने के लिए तैयार नहीं हुई।

यही वजह है कि सरकार की हठधर्मिता से नाराज अवामी एक्शन कमेटी ने मुजफ्फराबाद स्थित पीओके विधानसभा तक मार्च करने का आह्वान किया। 9 मई को डोडियाल में एक डिप्टी कमिश्नर पर उस समय हमला किया गया जब उन्होंने एक भीड़ को तितर–बितर करने के आदेश दिए। 10 मई को पीओके के प्रदर्शनकारी मुजफ्फराबाद की ओर मार्च करने के लिए निकले, जिसके कारण गंभीर झड़पें हुईं। एक आला पुलिस अफसर की मौत हो गई। इसके बाद पीओके के मुख्यमंत्री अनवर उल हक सरकार को जनता के गुस्से से दो–चार होना पड़ रहा है। हक की छवि एक बेहद कड़क नेता की है। वे बात–बात पर आपा खो देते हैं।पीओके के मीरपुर जिले में 9 मई को एक डिप्टी कमिश्नर को प्रदर्शनकारियों ने बुरी तरह पीटा और उसकी कार को फूंक भी दिया था। फिलहाल लगता तो यही है कि अवामी एक्शन कमेटी का अपनी मांगों के समर्थन में चल रहा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगों को मान नहीं लिया जाता। हां, सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच रावलकोट में बातचीत फिर से शुरू हो गई। पर यह देखने वाली बात है कि क्या पाकिस्तान सरकार, जो पीओके सरकार के साथ खड़ी है, प्रदर्शनकारियों की मांगों को स्वीकार करेगी?

# एसएसटी, पुलिस चेकिंग में कार से बरामद हुई 51 लाख रूपये



**संवाददाता—बहराइच।** संसदीय चुनावों के मद्देनजर मतदान को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से गठित एसएसटी पुलिस के साथ लगातार चेकिंग कर रही है। रुपईडीहा कस्बे के पास चेकिंग के दौरान टीम ने एक कार से 51 लाख नकदी बरामद की है। कार सवार नकदी के संबंध कोई ब्यौरा नहीं दे सके। बरामद धनराशि को सीज कर दिया गया है।

बहराइच– रुपईडीहा मार्ग पर स्थित राणा पेट्रोल पंप के पास बैरियर पर एसएसटी मजिस्ट्रेट कर्मवीर पुलिस उप निरीक्षक प्रकाश सरोज व सिपाहियों के साथ गुरुवार को वाहनो की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक हुंडई कार को चेकिंग के लिए रोका गया, तो कार की पिछली सीट के नीचे एक बोरी में रक्खे 51 लाख 500 रुपए बरामद हुए। एसएसटी के मजिस्ट्रेट कर्मवीर सिंह ने बताया कि बरामद धनराशि के संबंध में जब कार सवार रवि कुमार गुप्ता व धनाजी शिंदे निवासी काजीपुरा से जानकारी प्राप्त की गई, तो वो लोग कोई भी वैध प्रपत्र नहीं दिखा सके। बरामद धनराशि की वीडियो ग्राफी कराकर आयकर विभाग को सूचना देते हुए सीज कर दिया गया है।

# पति से विवाद के बाद महिला ने फंदे से लटक दे दी जान

**संवाददाता—देवरिया।** पति से विवाद के बाद एक महिला ने टीन शेड की पाइप से लटक कर अपनी जान दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सीओ सदर ने घटना स्थल पर जाकर जांच पड़ताल की। पुलिस पति को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत घुड़ीकुंड कला की रहने वाली सोनी सिंह (30 वर्ष) और उसके पति सर्वेश मल्ल में खाने बनाने को लेकर बुधवार की रात आपस में विवाद हुआ। विवाद के बाद सर्वेश कहीं बाहर चला गया। रात करीब 10 बजे घर लौटा तो वह सोनी को दूढ़ते हुए मकान के दूसरी मंजिल पर पहुंचा। वहां का कमरा अंदर से बंद था। दरवाजा खोलवाने के लिए सर्वेश ने कई बार आवाज दी लेकिन कमरे से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। शोर सुनकर आस—पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। दरवाजा तोड़ अंदर पहुंचे तो सोनी रस्सी के सहारे टीन शेड की पाइप से लटकी मिली। आनन—फानन में सर्वेश ने सोनी को नीचे उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरदेवा लेकर गया जहां डॉक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद सोनी को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर सीओ संजय कुमार रेड्डी और एसओ मृत्युजंय राय मय फोर्स मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## बाइक व एक लाख नकदी न मिलने पर दिया तीन तलाक

**संवाददाता—बहराइच।** एक युवती की शादी के बाद बाइक व एक लाख नकदी की मांग शुरू हो गई। न मिलने पर मारपीट कर उसका उत्पीड़न शुरू हो गया। शादी के तीन महीने बाद युवती को ससुराल वालों ने जमकर पीटा, पति ने तीन तलाक देकर घर से भगा दिया। पीड़िता ने मायके में शरण ली। उसकी मां ने महिला पुलिस चौकी नानपारा में दामाद सहित आठ लोगों पर केस दर्ज कराया है। नानपारा कोतवाली के सरैया के मेरे तकिया गांव निवासिनी वाहिदा खातून पत्नी मोहम्मद अख्तर ने अपनी बेटी अनवरी बेगम की शादी इसी कोतवाली के नानपारा देहात राजापुरवा सलमान पुत्र मोहम्मद मिज्जन से 22 मई 2023 को की थी। शादी के बाद से ही कम दहेज का ताना देकर मारपीट कर उत्पीड़न शुरू किया। पति व ससुरालवालों ने दहेज में बाइक व एक लाख नकदी मायके से लाने की मांग कर रोजाना उत्पीड़न किया जाने लगा। 22 अगस्त 2023 को पति व ससुराल वालों ने अनवरी बेगम को जमकर मारपीटा। पति ने तीन तलाक देकर घर से भगा दिया। किसी प्रकार पीड़िता मायके पहुंची। वाहिदा खातून ने नानपारा महिला पुलिस चौकी मे दामाद सलमान, उसके भाइयों नूर मोहम्मद, असलम, बहने वसीमा, अपसाना सहित आठ को नामजद कर मारपीट कर उत्पीड़न, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, मुस्लिम महिला विवाह में सुरक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है ।

# स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में आग लगने से मचा अफरातफरी



**संवाददाता—गोण्डा।** दिल्ली जा रही स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे रेल यात्रियों में अफरातफरी मच गई। आनन फानन में ट्रेन को कचहरी रेलवे स्टेशन के पास रोका गया। ट्रेन रुकते ही यात्री ट्रेन से उतरकर इधर—उधर भागने लगे। रेल कर्मियों व आरपीएफ के सहयोग से आगू पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई। रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर 2रू25 बजे छपरा से आनंद विहार की ओर जा रही (05251) स्पेशल ट्रेन गोंडा कचहरी स्टेशन पहुंची थी। तभी उस ट्रेन के एसी कोच नंबर एम—2६ 222286 व एम—2 कोच में पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

धुआं फैलते ही यात्रियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए चेन पुलिंग करके ट्रेन रोक दी। कुछ ही पल में पूरे ट्रेन में घना धुआं फैल गया। ट्रेन रुकते ही यात्री इधर—उध र भागने लगे। ट्रेन में मौजूद कर्मियों और आरपीएफ स्टाफ विनायक सिंह ने अग्निशमन यंत्र के सहयोग से बुझाने में जुट गए। कुछ ही देर में उपकरण में लगी आग बुझा दी गई। साथ ही प्रभावित कोच के यात्रियों को बगल वाले कोच में शिफ्ट कराया गया। इस कारण ट्रेन को 50 मिनट तक रोका गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया।

# न्याय के लिए पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री सहित आलाधिकारियों से लगाई गुहार



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। राम नगरी में पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री समेत जिले आलाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। अयोध्याधाम के मीरापुर डेराबीबी निवासिनी सुनीता पत्नी गुड्डू केसरवानी ने आरोप लगाया है कि विपक्षी विशम्भर नाथ अपने पुत्रों व अन्य लोगों संग बुलडोजर लगाकर उनका मकान तहस—नहस कर दिया। वहां लगा आरो प्लांट भी तोड़ डाला और घर का सारा सामान, रूपया—पैसा, जेवर—गहना उठा ले गए। जबकि उक्त मकान का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। फिर भी विपक्षीगण उनके साथ अभद्रता किए। उनको व उनके छोटे—छोटे बच्चों को दौड़ा—दौड़ाकर मारापीटा। मकान को बुलडोर से जमींदोज कर दिया। घर में रखा सारा दैनिक सामान तोड़ डाला। डायल 112 पर सूचना दिया। उसका कोई रिसपांस नही मिला। पीड़िता ने इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाना—चौकी पर की। लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। यहां तक कि जिले के आलाधिकारियों से भी गुहार लगाई। उन लोगों ने भी इसे अनुसुना कर दिया। पीड़ित महिला का कहना है उन्होंने अयोध्या कोतवाली समेत, वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक, आईजी, यहां तक कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत किया। फिर भी कोई सुनवाई नही हो रहा। इससे विपक्षियों के हौसले बुलंद हैं। वह उनको व उनके पति को बराबर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सुनीता ने कहा कि उनकी मांग है कि दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उनका गहना—जेवर, रूपया आदि दिलाया जाए। जिसे विपक्षीगण लूट कर लेकर चले गए हैं। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है। मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह मामला आने पर उन्हें अवश्य न्याय मिलेगा।

# एसएनसीयू वार्ड फुल, बाहर भेजे जा रहे नवजात

**संवाददाता—बलरामपुर।** जिला महिला अस्पताल में स्थित एसएनसीयू (न्यू सिक बार्न केयर यूनिट) नवजातों से कई दिनों से फुल चल रहा है। 18 बेड वाले इस एसएनसीयू वार्ड में गुरुवार को 30 नवजात भर्ती थे। स्थिति यह है कि एक बेड पर दो से तीन नवजातों को भर्ती करना पड़ रहा है। यूनिट नवजातों से फुल हो जाने के कारण अब उन्हें बाहर नर्सिंग होम में भेजा जा रहा है। मजबूरी में लोग अपने कलेजे के टुकड़े को बाहर के नर्सिंग होम में महंगे दामों पर भर्ती करा रहे हैं। जहां पर उन्हें घंटों के हिसाब से पैसे देने पड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बिजली कटौती का दंश भी एसएनसीयू झेल रहा है। हर दिन करीब आठ घंटे तक इस यूनिट के लिए अस्पताल प्रशासन को जनरेटर चलवाना पड़ रहा है। जिले के एक मात्र सरकारी जिला महिला अस्पताल में 18 बेड का एसएनसीयू वार्ड है। इस वार्ड में जिले भर के गंभीर नवजातों को भर्ती कर इलाज किया जाता है। यह यूनिट नवजात के लिए बरदान साबित हो रही है। वहीं दूसरी ओर यूनिट में बेडों की संख्या कम होने के कारण इसका दंश भी जिले के लोग झेल रहे हैं। मौजूदा समय में यूनिट में 18 बेड के सापेक्ष 30 नवजात भर्ती हैं। वार्ड के प्रभारी डा. महेश वर्मा का कहना है कि चूंकि जिले भर गंभीर नवजात यहीं पर इलाज के लिए आते हैं। इसलिए मजबूरी में एक बेड पर दो से तीन नवजातों को भर्ती करना पड़ता है। अच्छी बात यह है कि नवजात रिकवर जल्दी होते हैं। इसलिए ज्यादा



दिन तक उन्हें नहीं रोकना पड़ता है। जिले के किसी अन्य सरकारी अस्पताल में एसएनसीयू की सुविधा नहीं है। यहां आने वाले नवजातों का निःशुल्क इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि पैदा होने के बाद कम वजन के साथ ही पीलिया व अन्य बीमारियों से ग्रसित बच्चों को भर्ती किया जाता है। उन्होंने बताया कि एसएनसीयू में ऑक्सीजन, पल्स आक्सीमीटर, फोटो थेरेपी, इंफ्यूजन पंप, ऑक्सीजन कन्सेट्रेटर की सुविध ा है। एसएनसीयू के लिए अलग से सारी व्यवस्थाएं की गई हैं। अत्याध ुनिक सुविधाओं से लैस इस वार्ड को देखते हुए इसकी मांग यहां पर बढ़ी है। अब स्थिति यह है कि नवजातों की संख्या वार्ड में ज्यादा हो जाने पर कई बार संक्रमण फैलने का भी खतरा होता है। ज्यादा नवजात होने की स्थिति चिकित्सक उन्हें बाहर भेजते हैं। जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में एसएनसीयू की व्यवस्था है, जहां पर बेडों से कई गुना ज्यादा नवजात इस समय भर्ती हैं। जिले के लोगों का कहना है कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को प्रयास करके इस यूनिट का विस्तार कराना चाहिए। बेडों की संख्या बढ़ने पर इसका समुचित लाभ जिले के लोगों को मिल सकेगा।

जिले की बदहाल विद्युत व्यवस्था का प्रभाव महिला अस्पताल के एसएनसीयू पर भी पड़ रहा है। एक तो अस्पताल में आदम जमाने की विद्युत लाइन है। जर्जर विद्युत लाइन होने के कारण आए दिन यहां लोकल फाल्ट होते रहते हैं। इस समय बिजली की आंख मिचौली भी खूब चल रही है। यूनिट के प्रभारी डा. महेश वर्मा की मानें तो 24 घंटे में करीब आठ घंटे जनरेटर से काम चलाया जाता है। बिना बिजली के यूनिट में नवजात को नहीं रखा जा सकता है। बिजली व्यवस्था ठीक न होने के कारण अस्पताल पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। एसएनसीयू यूनिट इस समय फुल है। यूनिट में 18 बेडों की व्यवस्था है, जिसमें इस समय 30 नवजात भर्ती हैं। कोशिश यह रहती है कि यहां आने वाले नवजात को बाहर नर्सिंग होम में न भेजा जाए। यूनिट की क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए। एक बेड पर दो से तीन नवजातों को भर्ती किया जा रहा है। बिजली न रहने पर जनरेटर से यूनिट का संचालन किया जाता है।

# खेत में सो रहे किसान की गला रेतकर हत्या

**संवाददाता—देवरिया।** जिले के भाटपाररानी थाना क्षेत्र के दनउर गांव में बुधवार की रात खेत में सो रहे एक किसान की गला रेत कर हत्या कर दी गई। गुरुवार की सुबह किसान की पत्नी जगाने पहुंची तो पति का खून से सना हुआ शव देख बदहवास हो गई। उसकी चीख सुन कर ग्रामीण जुट गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच में जुटी हुई है।भाटपाररानी थाना क्षेत्र के दनउर गांव निवासी रामाश्रय यादव उर्फ कुकु (60) पुत्र स्व जंगली यादव घर के पश्चिम दिशा दो सौ मीटर की दूरी पर अपने खेत में बाजरा, सब्जी आदि फसल लगा रखे थे जंगली पशुओं से बचाव को फसल की रखवाली हेतु खेत में सोते थे। बुध ावार की रात भी घर से खाना खाने के बाद खेत मे सोने चले गए।



गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे के आसपास उनकी पत्नी जगाने पहुंची तो रामाश्रय का खून से लथपथ चारपाई पर शव देख उसके होश उड़ गए। शोर करने पर शोर सुनकर ग्रामीण इकठ्ठा हुए। रामआश्रय के गले पर धारदार हथियार से कई वार किया गया है। घटना की जानकारी पर एडिशनल एसपी दक्षिणी भीम कुमार गौतम, सीओ शिव प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय सहित भारी संख्या में पुलिस पहुच कर घटना की जांच में जुटी है।

सीओ एसपी सिंह ने बताया कि खेत में सो रहे एक बुजुर्ग किसान की हत्या हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घटना की जांच की जा रही है।

## आत्महत्या को उकसाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता—श्रावस्ती।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आठ जनवरी 2024 को इकौना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि नरायनजोत निवासी नितिन दुबे पुत्र अजय कुमार दुबे ने मेरी बेटी का फोटो वायरल किया और आत्महत्या के लिए उकसाया। इससे लड़की ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच कर रही थी। गुरुवार को इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर आरोपी नितिन को सेमरी तिराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# स्टाफ नर्स ने सहकर्मियों पर लगाया अभद्रता और भगाने का आरोप

**संवाददाता—गोण्डा।** स्टाफ नर्स ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि वर्मा को एक पत्र देकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा अभद्रता करने एव स्वास्थ्य केंद्र से भाग देने का आरोप लगाते हुए जांच हुआ कार्रवाई की मांग की। ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव केंद्र पर तैनात वरिष्ठ स्टाफ नर्स मंजू सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि वर्मा को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि प्रसव केंद्र पर तीन स्टाफ नर्स की तैनाती है। जो सुबह 8:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक व शाम 6:00 बजे से सुबह 8:00 बजे तक क्रमवार कार्य करती हैं। रात में कार्य करने के बाद सुबह स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर बनाया जाता है। दिन में 10:00 बजे से एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया जाता है। इसके बाद भी कर्मचारियों द्वारा अभद्रता किया जाता है। स्टॉफ नर्स मंजू सिंह ने सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि रात्रि में ड्यूटी के बाद सुबह हस्ताक्षर करने स्वास्थ्य केंद्र पर जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट व अन्य कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्रता की, साथ ही कार्यालय से भगा दिया। इस संबंध में सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि स्टाफ नर्स की शिकायत मिली है। मामले की जांचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कोई कहे न कहे, हम कहते हैं, आप लोग हमारा ही खून -बृजभूषण शरण सिंह



**संवाददाता—गोण्डा।** उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह बेटे करण भूषण सिंह बीजेपी से मैदान में है। यहां बेटे को जिताने के लिए सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पूरी ताकत झोंक दी है। बृजभूषण शरण कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर लोगों से संपर्क कर पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस बीच अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में सांसद बृजभूषण शरण ने एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कोई कहे या न कहे, हम कहते हैं कि आप हमारा ही खून खून हैं। कोई डीएनए करा ले तो पांच पीढ़ी पहले हम एक ही निकलेंगे। आपके लिए हम बदनाम हैं और आप हमारे लिए बदनाम हैं, इसलिए बो तो पक्ष में बो नहीं तो न बो, कम से कम फायदा न करो तो नुकसान न करो। मैं आपका अहसानमंद रहूंगा। हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा रहूंगा। वो लोग न आए हैं न आएंगे। हमारा आपका मिलना बढ़ेगा और भाईचारा बढ़ेगा। आपको बता दें कि भाजपा ने अबकी बार कैसरगंज से उन्हें मैदान में न उतारकर उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह पर दांव लगाया है। 26 साल बाद संसदीय चुनाव के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब चुनावी रण में बृजभूषण शरण नहीं होंगे। छात्र राजनीति में अपना दबदबा कायम करने के बाद 1991 में बृजभूषण शरण सिंह पहली बार गोण्डा से लोकसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लडे और जीत हासिल की। 1971 के बाद मनकापुर राजघराने की इस सीट पर उन्होंने बादशाहत समाप्त की। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। हालांकि, 1996 में टाडा मामले में जेल बंद होने पर उनकी पत्नी केतकी सिंह ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की। 1998 में वह भाजपा के टिकट के चुनाव लड़े लेकिन सपा के कीर्तिवर्धन सिंह ने उन्हें शिकस्त दे दी। 1999 में एक बार फिर बृजभूषण ने इस सीट पर अपनी वापसी की और भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर विजय श्री प्राप्त करने में सफल रहे।

# झोपड़ी में सो रहा था परिवार, आंख खुली तो सामने था मुंह फैलाए विशाल मगरमच्छ



**संवाददाता—कुशीनगर।** खड्डा क्षेत्र के ग्राम मदनपुर सुकरौली निवासी एक व्यक्ति की रिहायशी झोपड़ी में बुधवार की देर रात विशालकाय मगरमच्छ घुस गया। परिवार के सदस्य की नींद खुली तो मुंह बाए मगरमच्छ को देख चिल्लाने लगा। परिवार में हड़कंप मच गया। गांव के लोग भी पहुंचे और सबने मिलकर उसे एक दायरे में जाली लगाकर घेर दिया। सूचना पर गुरुवार सुबह पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ कर महराजगंज जिले के निचलौल रेंज के दर्जनिया स्थित मगरमच्छ संरक्षण केन्द्र में छोड़ दिया। खड्डा क्षेत्र के ग्राम मदनपुर सुकरौली निवासी मदन भारती का घर मुख्य पश्चिमी गण्डक नहर के किनारे है। रिहायशी झोपड़ी में ही पूरा परिवार रहता है। इसी से सटे गैनही ड्रेन से निकलकर बुधवार की देर रात एक विशालकाय मगरमच्छ मदन भारती के घर में पहुंच गया। परिवार के लोग सो रहे थे। इसी दौरान परिवार का एक सदस्य नींद से जागा तो उसकी नजर मुंह बाये मगरमच्छ पर पड़ी। वह जोर—जोर से चिल्लाने लगा। परिवार के अन्य सदस्य भी जाग गये। शोर सुनकर युवा समाजसेवी आनन्द सिंह दर्जनों लोगों के साथ मौके पर पहुंच गये। इसकी सूचना वनविभाग को दी। वन विभाग ने सलाह दी कि रात में किसी तरह उसे जाली आदि लगाकर मगरमच्छ को निश्चित दायरे में घेर दें। ग्रामीणों ने उसे मच्छरदानी व लकड़ी के पोल लगाकर घेर दिया। रखवाली करने लगे। गुरुवार सुबह वन रेंजर श्रीप्रकाश पाण्डेय, डिप्टी रेंजर अमित तिवारी, वन रक्षक शत्रुध ान ठाकुर, बिकाऊ, शम्भू नाथ गिरि आदि मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत कर मगरमच्छ को पकड़ते हुए उसे मगरमच्छ संरक्षण केन्द्र दर्जनिया ताल में छोड़ दिया।

# श्री कनक भवन श्री लला साहब दरबार में मनाया गया माता सीता का जन्मोत्सव

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या।रामनगरी में गुरुवार को मां सीता के प्रति अनुराग उमड़ा। मौका, मां सीता के जन्मोत्सव का था। हालांकि प्रसिद्ध पीठ कनक भवन, श्री लला साहब दरबार और जानकी महल के बाद अयोध्या के अधिकतर मंदिरों में जिसमें श्री राम जन्मभूमि मणिराम दास छावनी लक्ष्मण किला सहित अयोध्या के अन्य मंदिरों में उदया तिथि शुक्रवार को जानकी नवमी मनाया जाएगा।राम जन्मोत्सव की तर्ज पर सीता जन्मोत्सव के मौके पर भी सुबह से ही मंदिरों में पूजन—अनुष्ठान का दौर शुरू हुआ। मंदिरों में स्थापित श्री राम एवं मां सीता के विग्रह के सम्मुख बधाई गान की महफिल भी सजी। इस दौरान मंजे गायकों से लेकर आम संतों—श्रद्धालुओं ने अपनी प्रस्तुति से आस्था अर्पित की। जिन पदों का गायन किया गया, आचार्य प्रणीत उन पदों में मां सीता के प्रति श्री राम की ही तरह गहन अनुराग परिलक्षित था और 12 बजते—बजते बधाई गान की महफिल चरम का स्पर्श पाकर थमती है और अगले पल पूरी साज—सज्जा और परमाराध



या के जन्मदिन की विशिष्ट रस्म के बाद गर्भगृह का पट खुलता है। अर्चक पूरे लय और विधि—विधान से मां सीता की प्राकट्य आरती करते हैं। सम्मुख दत्तचित्त श्रद्धालु एक टक विग्रह को निहार रहे होते हैं। करीब 20 मिनट की आरती के बाद भई प्रकट कुमारी कोध भूमि बिदारीध जनहितकारी भय हारी.. के चिर—परिचित गान के साथ जानकी जन्मोत्सव में डुबकी लगाते हैं। कनक भवन परिसर में स्थित श्री लला साहब दरबार में हर्षोल्लास के साथ माता जानकी का जन्मोत्सव मनाया गया सुबह से ही तैयारियां प्रारंभ हो गई पंचामृत से स्नान कराया गया 12 बजे आरती संपन्न होने बात भोग लगाया गया और प्रसाद वितरण किया गया। श्री लला साहब दरबार के पीठ आदिश्वर महंत रामनरेश शरण महाराज ने बताया कि हम लोग चौत शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को माता जानकी का जन्मोत्सव मानते हैं और आज दिन में 12 नवमी थी और ठीक 12 माता जी का जन्म हुआ था यही कारण है कि मंदिर में भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की तरह ही माता जानकी जन्मोत्सव मनाया गया और प्रसाद वितरण किया गया। उन्होंने बताया सुबह से ही बधाई गण प्रारंभ हो गया था जो जो माता जानकी के जन्म उत्सव के बाद भी चला रहा।

## अपनी ताकत को पहचान, चलो करें हम सब मतदान

**संवाददाता—श्रावस्ती।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को मतदान का महत्व समझाया गया। साथ ही शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। जमुनहा तहसील क्षेत्र के जमुनहा स्थित आदर्श इण्टर कालेज में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सदस्य प्रज्व्वल मिश्रा ने किया। मतदाताओं को जागरूक करते हुए प्रज्वल मिश्रा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। मतदान कर हम अपना प्रतिनिधि चुनते हैं जो हमारा व हमारे क्षेत्र का विकास करता है। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। हर पांच साल में मतदान करने का मौका मिलता है जिसमें हमे अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए कर्तव्य का भी निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि 25 मई को श्रावस्ती में लोकसभा चुनाव है। हमें अपने नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी को पूरा करते हुए सबसे पहले मतदान करना है। इसमें हमें बिलकुल भी पीछे नहीं रहना है। मतदान से ही लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी।

# नौचंदी मेला में आए जायरीनों ने अकीदत से की रस्म अदायगी

**संवाददाता—बहराइच।** सैय्यद सालार मसऊद गाजी की दरगाह पर नौचंदी मेले में आए जायरीनों ने रस्म अदायगी कर मन्नते मांगी। गुरुवार को मेला में आए जायरीनों के मद्देनजर बेहतर इंतेजाम रखे गए। प्रशासनिक अमला दरगाह सहित पूरे शहर में चौकस रहा। एएसपी सिटी रामानंद प्रसाद कुशवाहा, सीओ सिटी राजीव कुमार सिसौदिया भ्रमण शील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। दरगाह में गुरुवार को नौचंदी मेला में रोजेदारों का सैलाब उमड़ता रहा। गुरुवार शाम कमेटी सदर सैय्यद शमसाद अहमद, गिरदावर हाजी अजमतउल्ला, प्रभारी मैनेजर हाजी अलीमुलहक ने जायरीनों का इस्तकबाल किया। गुरुवार को नौचंदी मेले में शामिल होने जायरीनों के जत्थों ने रात मे दरगाह में इबादत में रात गुजारी। भारी भीड़ के मद्देनजर गुरुवार को यातायात व्यवस्था चरमरा गई। मेले में सजी दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई। शाही अंदरूनी मस्जिद में अरशदुल कादरी ने जुमा की नमाज के बाद मुल्क में अमन, चौन व खुशहाली की दुआ कराई। इसके बाद मौलाना मोइनुद्दीन कादरी व उलमा की ओर से कुरानख्वानी का दौर शुरू हुआ। दूसरी ओर अनारकली झील से स्नान के बाद लौट रहे जायरीनों के जत्थों को दरगाह स्थित मजार ए मुबारक पर हाजिरी के लिए गेट खोल दिए गए। शुक्रवार को पूरे दिन जायरीनों के जत्थे मजार ए मुबारक पर हाजिरी देकर चादरपोशी कर अकीदत से मन्नते मांगते रहे। नौचंदी मेले में आसपास के जिलों के अलावा नेपाल से भी भारी संख्या में जायरीनों के जत्थों की आमद होती है। दरगाह इंतजामिया कमेटी सदर सैय्यद शमसाद अहमद ने बताया कि जायरीनों की भारी तादाद के मद्देनजर एक सप्ताह पूर्व से ही उनके पड़ाव स्थल, पेयजल, प्रकाश की मुकम्मल व्यवस्था की जाती है। गुरुवार को अनुमान से अधिक जायरीनों के पहुंचने से दरगाह इलाके में यातायात व्यवस्था चरमराई रही। हालांकि मेले में आए कारोबारियों के चेहरे जायरीनों की भारी खरीद फरोख्त के चलते गुलजार रहे। शहर के कारोबारियों, रिक्शा व टैम्पो चालकों को भी नौचंदी मेले से कमाई का अच्छा मौका हासिल होता है।

